

# एशिया कप में गिल की वापसी

## सूर्यकुमार यादव को टी20 कप्तानी सौंपी गई, शुभमन गिल उपकप्तान बने, यशस्वी और अय्यर बाहर



**मुंबई, 19 अगस्त (वार्ता) शुभमन गिल की भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई है और उन्हें आगामी एशिया कप 2025 के लिए उप-कप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पिछले टी20 मैच में नहीं खेल पाए गिल, अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन के साथ 15 सदस्यीय टीम में चुने गए तीन सलामी बल्लेबाजों में से एक हैं। यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर के लिए टीम में कोई जगह नहीं है।**

मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम की घोषणा की। आठ बार एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम 10 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में यूएई के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने टूर्नामेंट की शुरुआत करेगी।

एशिया कप 2025 के लिए भारत के 15 सदस्यीय दल में शुभमन गिल को मौका दिया गया है। साथ ही वह टीम के उपकप्तान भी हैं। मुंबई के बीसीसीआई हेडक्वार्टर में चयन समिति की बैठक के बाद एशिया कप के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा को भी मौका दिया गया है लेकिन गिल को उपकप्तान बनाए जाने के बाद, इस बात की उम्मीद की जा सकती है, वह पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

इस बात की उम्मीद थी कि भारत यशस्वी जायसवाल या श्रेयस अय्यर को मौका दे सकता है लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जितेश शर्मा को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाजी विभाग में हर्षित राणा को मौका दिया गया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने साफ किया कि एशिया कप टीम के लिए अहम परीक्षा है और टी20 विश्व कप से पहले यह सफर को मजबूत करने का बेहतरीन अवसर होगा।



### ऐलान — बीसीसीआई ने किया एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

एशिया कप के लिए ब्ल्यू ब्रिगेड



संजू सैमसन | अभिषेक शर्मा | तिलक वर्मा | रिंकू सिंह | हार्दिक पांड्या | शिवम दुबे

कुलदीप यादव | अक्षर पटेल | जितेश शर्मा | हर्षित राणा | अर्शदीप सिंह | वरुण चक्रवर्ती | जसप्रीत बुमराह

### गिल की वापसी से खुश हूं: सूर्यकुमार

भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एशिया कप से पहले कहा कि टीम ने पिछले साल के टी20 विश्व कप के बाद नए चक्र की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि शुभमन गिल लंबे समय बाद टी20 टीम में लौटे हैं, क्योंकि वे टेस्ट और चैंपियंस ट्रॉफी में व्यस्त थे। सूर्यकुमार ने संजू सैमसन के साथ जितेश शर्मा को टीम में शामिल किए जाने की सराहना की और कहा कि उन्होंने आईपीएल व घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर वापसी की है। वहीं तेज गेंदबाज हर्षित राणा को लेकर कप्तान ने कहा कि उनके कौशल पर भरोसा है, भले ही बुमराह और अर्शदीप की मौजूदगी में उन्हें शुरुआती एकादश में मौका मिलना मुश्किल हो।

**एशिया कप के लिए भारतीय टीम–** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह
**स्टैंडबाय–** प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, ध्रुव जुरेल, रियान पराग और यशस्वी जायसवाल

### महिला विश्व कप टीम से शेफाली वर्मा बाहर, ओपनर के तौर पर प्रतीका रावल पहली पसंद, रेणुका सिंह की टीम में वापसी



महिला वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शेफाली वर्मा को मौका नहीं दिया गया है। प्रतिका रावल ओपनर के तौर पर भारतीय टीम की पहली पसंद बनी हुई हैं, जिन्होंने हालिया समय में भारत के लिए वनडे मैचों में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। बीसीसीआई के मुंबई हेडक्वार्टर में विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। मध्य प्रदेश की युवा तेज गेंदबाज़ क्रांति गौड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। साथ ही रेणुका सिंह ने 15 सदस्यीय दल में वापसी की है। 30 सितंबर से शुरू हो रहे महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला मैच भारत और श्रीलंका के बीच 30 सितंबर को होगा। कुल आठ टीमों वाले इस टूर्नामेंट में नॉकआउट स्टेज से पहले हर टीम हर दूसरी टीम के खिलाफ खेलते हुए कुल सात मैच खेलेगी। भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को खेला जाएगा।



#### विश्व कप के लिए भारतीय दल

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतीका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह रॉड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यस्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, राधा यादव, स्नेह राणा, एन श्री चरणी, रेणुका सिंह, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

#### विश्व कप 2025 में भारत कब किसके सामने होगा

- बनाम श्रीलंका – 30 सितंबर
- बनाम पाकिस्तान – 5 अक्टूबर
- बनाम दक्षिण अफ्रीका– 9 अक्टूबर
- बनाम ऑस्ट्रेलिया – 12 अक्टूबर
- बनाम इंग्लैंड – 19 अक्टूबर
- बनाम न्यूजीलैंड – 23 अक्टूबर
- बनाम बांग्लादेश – 26 अक्टूबर

# राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक बना कानून

## मंगलवार को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद खेल प्रशासन में बड़े बदलाव की उम्मीद

**नई दिल्ली 19 अगस्त ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी मिलने के बाद राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक अब कानून बन गया है। इस ऐतिहासिक कानून से भारत की खेल प्रशासन व्यवस्था में बड़े बदलाव होने की उम्मीद जताई जा रही है।**

**लोकसभा में 23 जुलाई को पेश हुआ था विधेयक**

**राज्यसभा ने 12 अगस्त को चर्चा के बाद पारित किया**



केंद्र सरकार की ओर से जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया, संसद से पारित अधिनियम को 18 अगस्त, 2025 को राष्ट्रपति से मंजूरी मिली और इसे सामान्य जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है ङ्क राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम, 2025।

### लंबे समय से लंबित था यह विधेयक

यह विधेयक लंबे समय से लंबित था और पिछले एक वर्ष में विभिन्न हितधारकों से व्यापक परामर्श के बाद 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया गया था, जहां 11 अगस्त को इसे पारित किया गया। अगले दिन राज्यसभा ने भी दो घंटे से अधिक चली चर्चा के बाद इसे मंजूरी दे दी।

#### नेशनल स्पोर्ट्स इलेक्शन पैनल की स्थापना का भी उल्लेख

नया कानून न केवल खेल संस्थाओं के लिए शासन संबंधी मानदंड तय करता है, बल्कि त्वरित विवाद निपटारे के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण (नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल) के गठन का भी प्रावधान करता है। इसके अलावा इसमें राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल (नेशनल स्पोर्ट्स इलेक्शन पैनल) की स्थापना का भी उल्लेख है, जो अक्सर विवादों में रहने वाले राष्ट्रीय खेल महासंघों के चुनावों की निगरानी करेगा।

## बीमारी से जूझते यानिक सिन्नर ने यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स छोड़ा

**न्यूयॉर्क 19 अगस्त.** विश्व नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी यानिक सिन्नर ने यूएस ओपन 2025 के मिक्स्ड डबल्स मुकाबले से नाम वापस ले लिया है। सिन्नर ने यह फैसला उस समय लिया जब एक दिन पहले ही वह बीमारी के चलते सिनसिनाटी ओपन के फाइनल मुकाबले में कार्लोस अल्काराज़ के खिलाफ रिटायर हो गए थे। सिन्नर को महिला डबल्स की 10 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन कैटरीना सिनियाकोवा के साथ जोड़ी बनाकर मिक्स्ड डबल्स में उतरना था। इस जोड़ी को आयोजकों की ओर से वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी और पहले दौर में उनका मुकाबला जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव और स्विट्ज़रलैंड की बेलिंडा बेनसिच की जोड़ी से होना था।



# रशिमका का स्वर्ण चमका

## एशियाई निशानेबाजी में भारत को अब तक 11 पदक

**नई दिल्ली,19 अगस्त (वार्ता) कज़ाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल/शॉटगन के दूसरे दिन, दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने अपने करियर की अद्भुत निरंतरता का प्रदर्शन करते हुए, एक और व्यक्तिगत अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किया।**

**रशिमका सहगल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक हासिल किया**


**रशिमका, वंशिका और मोहिनी ने टीम स्वर्ण भी जीता**

**कपिल बैंसला और गिरीश गुप्ता ने भी स्वर्ण पदक दिलाए**

**भारत के खाते में अब तक 5 स्वर्ण, 2 रजत और 4 कांस्य**

**रशिमका सहगल ने स्वर्ण पदक जीता, जो प्रतियोगिता में भारत का तीसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक था। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया।**

इसके बाद, रशिमका ने आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन के साथ जूनियर महिला एयर पिस्टल का खिताब जीता – उनका स्कोर 241.9 रहा, जो रजत पदक विजेता कोरियाई हान सेउंगह्यून से 4.3 अंक अधिक था। वास्तव में, रशिमका (क्वालीफिकेशन स्कोर 582) के लिए यह दोहरी खुशी की बात थी, क्योंकि उन्होंने वंशिका चौधरी (573) और मोहिनी सिंह (565) के साथ मिलकर इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक जीता। मनु (583) ने मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन पलक (573) और सुरुचि फोगाट (574) के साथ महिला एयर पिस्टल में टीम कांस्य पदक भी जीता, दोनों क्रमश: तीन और दो अंकों से व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने से चूक गईं।



मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य जीता

फाइनल में, मनु पहली पांच-शॉट सीरीज के बाद पांचवें और दूसरी के बाद चौथे स्थान पर थीं, लेकिन 11वें सिंगल शॉट में 10.5 का स्कोर बनाकर वह चीन की अंतिम विजेता मा कियानके के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गईं।

इसके बाद, जब मा मैदान पर नहीं थीं, तो कोरियाई 25 मीटर पिस्टल ओलंपिक चैंपियन यांग जिन, अनुभवी ईरानी हनीयेह रोस्तमियान और मनु के बीच छोटे स्थानों के लिए कड़ी टक्कर देखने को मिली। हालांकि, भारतीय खिलाड़ी ने जरूरी समय पर बड़े शॉट लगाए और उन्हें कांस्य पदक से ही संतोष करना पड़ा,जहां हनीयेह चौथे स्थान पर रहीं। जूनियर महिला फाइनल में, रशिमका कोरिया की हान के साथ शुरू से ही वर्चस्व की लड़ाई में शामिल थीं। हालांकि, 13वें सिंगल शॉट के बाद वह पहली बार उससे आगे निकल गईं और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 15वें शॉट में 10.9 का स्कोर सोने पर सुहागा था।



# 39 की उम्र में भी फिटनेस और जुनून बरकरार

**ऑकलैंड 19 अगस्त. फ्रांस के अनुभवी टेनिस स्टार गाएल मोनफिल्स जनवरी में ऑकलैंड क्लासिक में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। एक साल पहले मोनफिल्स ने बेल्जियम के जिज़ू बर्ग्स को हराकर इतिहास रचते हुए एटीपी टूर का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था।**

**▸ ऑकलैंड क्लासिक खिताब बचाने लौटेंगे गाएल मोनफिल्स**

अगले महीने 39 वर्ष के होने जा रहे मोनफिल्स ने 2025 फाइनल जीतकर 1977 के बाद सबसे उम्रदराज़ चैंपियन का रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले 1977 में केन रोज़वॉल ने 43 साल की उम्र में हांगकांग में खिताब जीता था। मोनफिल्स, जो अब तक 13 एटीपी खिताब जीत चुके हैं और पूर्व में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर रह चुके हैं, 2026 ऑकलैंड क्लासिक के लिए पुष्टि किए गए पहले खिलाड़ी हैं। आयोजकों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

मोनफिल्स ने कहा, मुझे खेल से प्यार है, मुझे प्रतिस्पर्धा करना अच्छा लगता है। यह खिताब मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यह हफ्ता मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। 'टेनिस शोमैन' के नाम से मशहूर मोनफिल्स आज भी दर्शकों के बीच सबसे बड़े आकर्षण बने हुए हैं। उनका अंदाज़ और खेल का अनोखा तरीका उन्हें खास बनाता है। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान उन्होंने चौथे वरीय टेलर फ्रिट्ज़ को हराकर चौथे दौर तक का सफर तय किया था।

# नोएडा में इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल धमाल

## 11 वर्गों में 150 मुकाबले खेले गए, विजेताओं को मिले 66 हजार के पुरस्कार

**नोएडा, 19 अगस्त (वार्ता) यूनिवर्सल पिकलबॉल एसोसिएशन (यूपीए) द्वारा आयोजित पहले यूपीए इंडिपेंडेंस कप पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन नोएडा के सेक्टर 121 स्थित हाल ही में लॉन्च हुए स्पोर्ट्स वेन्यू 'पिकलब्ले' पर किया गया।**

टूर्नामेंट में 100 से अधिक खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंडर-14 से 60+ आयु वर्ग तक कुल 11 अलग-अलग श्रेणियों में 150 मुकाबले खेले गए। हर श्रेणी के विजेताओं को 6,000 रुपये प्रति वर्ग की नकद राशि सहित कुल 66,000 रुपये के आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए।



इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी की नोएडा इकाई के अध्यक्ष महेश चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने पिकलबॉल को पहली बार खेलने का अनुभव साझा किया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार इस खेल को बढ़ावा देने हेतु हर संभव सहायता करेगी, ताकि यह फिटनेस गतिविधि के रूप में आम जन तक पहुंचे, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन से जुड़ा

### बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर स्पर्धा — 2008 के बाद पहली बार भारत में आयोजन, भारत उतारेगा 25 सदस्यीय मजबूत टीम

# तन्वी शर्मा, भार्गव राम-विश्व तेज मजबूत भारतीय टीम की करेंगे अगुवाई

**नयी दिल्ली, 19 अगस्त** (वार्ता) विश्व की नंबर 1 जूनियर बालिका एकल खिलाड़ी तन्वी शर्मा, भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की बालक युगल जोड़ी, एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता वेन्नाला कलागोटला और अनुभवी उन्नति हुड्डा, 6-19 अक्टूबर, 2025 तक गुवाहाटी के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में आयोजित होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 में 25 सदस्यीय मजबूत भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। सुहांदिनाता कप के लिए मिश्रित टीम चैंपियनशिप 6-11 अक्टूबर तक खेली जाएगी, जबकि व्यक्तिगत स्पर्धाएँ 13-19 अक्टूबर तक होंगी।



भारतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, %%हम बेहद उत्साहित हैं कि भारत अपने घरेलू मैदान पर विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए अपनी सबसे मजबूत टीमों में से एक उतारेगा। हमारी टीम में दो विश्व जूनियर नंबर 1 खिलाड़ी और कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने सीनियर सर्किट में अपनी छाप छोड़ी है, और मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार हम भारतीय खिलाड़ियों को पोडियम पर देखेंगे।%% भारत ने पिछली बार 2008 में बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी की थी, जब साइना नेहवाल स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय शटलर बनी थीं, जबकि आरएमवी गुरु साई दत्त ने लड़कों के एकल वर्ग में कांस्य पदक जीता था। भारत ने अब तक इस प्रतियोगिता में चार रजत और छह कांस्य सहित 11 पदक जीते हैं, और 2025 संस्करण के लिए चुनी गई टीम में इस संख्या को बढ़ाने के लिए पर्याप्त गहराई है।

चैंपियनशिप के लिए अंतिम टीम का चयन एक गहन ट्रायल के बाद किया गया, जिसमें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप टीम के सभी सदस्य, विश्व जूनियर शीर्ष 20 में स्थान पाने वाले खिलाड़ी, बाई एकल शीर्ष 8, बाई युगल शीर्ष 4 जोड़ियां और बीडब्ल्यूएफ सीनियर शीर्ष 50 में स्थान पाने वाले जूनियर खिलाड़ी शामिल थे।

#### भारतीय टीम

**लड़कों का एकल (अंडर-19):-** रौनक चौहान, ज्ञान दत्तू टी.टी., लालथाजुआला एच., सूर्याक्ष रावत
**लड़कियों का एकल (अंडर-19):-** तन्वी शर्मा, वेन्नाला कलागोटला, उन्नति हुड्डा, रक्षिता श्री एस.
**लड़कों का युगल (अंडर-19):-** सुमित ए.आर. / भाव्या छाबड़ा, भार्गव राम अरिगेला / विश्व तेज गोब्बुरू, विष्णु केदार कोडे / मिथिलेश पी. कृष्णन
**लड़कियों के युगल (अंडर19):-** वेन्नला कलागोटला / रेशिका यू, गायत्री रावत / मनसा रावत, आन्या बिष्ट / एंजेल पुनेरा
**मिश्रित युगल (अंडर19):-** भाव्या छाबड़ा / विशाखा टोप्पो, लालरामसंगा सी / तारिणी सूरी, विष्णु केदार कोडे / कीर्ति मनचला, वंश देव / डायंका वाल्डिया